हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 24 अप्रैल 2026

तापमान
अधिकतम 42.2 डिग्री
न्यूनतम 21.0 डिग्री

12 कोसली अनाज मंडी में गेहूं की आवक तीन लाख...

12 शहरी निकाय चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट ...


## खबर संक्षेप

### चोरी का आरोपी लिया प्रोडक्शन वारंट पर

**रेवाड़ी।** थाना सदर पुलिस ने चोरी के तीन मामलों में पूछताछ करने के लिए एक आरोपी को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। गुरुग्राम के नानूकलां निवासी कर्मवीर को पुलिस ने कुछ दिन पहले चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ के दौरान जिले में कई वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की थी। रोहड़ाई पुलिस ने दो मामलों में उसे प्रोडक्शन वारंट पर लिया था। अब थाना सदर पुलिस ने उसे चोरी के तीन मामलों में पूछताछ करने के कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है।

### सड़क हादसों के आरोपी चालक काबू

**रेवाड़ी।** पुलिस ने सड़क हादसों के बाद दर्ज किए गए मामलों में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। खोल थाना पुलिस ने 3 जनवरी को हुए हादसे के बाद घायल के बयान पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में राजस्थान के पड़सरा निवासी घनश्याम को गिरफ्तार किया है। रोहड़ाई थाना पुलिस ने वाहन की टक्कर से युवक की मौत के बाद गत वर्ष 3 दिसंबर को केस दर्ज किया था। वाहन चालक मौके से फरार हो गया था। इस मामले में पुलिस ने पंजाब के पटियाला निवासी नवजोत को गिरफ्तार किया है।

### दहेज उत्पीड़न मामले में दो गिरफ्तार

**कोसली।** पुलिस ने विवाहिता को दहेज की मांग पर प्रताड़ित करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक महिला की शिकायत पर पुलिस ने दोनों पक्षों के बीच समझौता कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने के कारण पुलिस ने उसके ससुराल पक्ष के पति सहित ससुराल पक्ष के अन्य लोगों के खिलाफ 2 फरवरी को दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया था। पुलिस ने चरखी दादरी के पिनोवा निवासी अनिल और सुनीता को गिरफ्तार कर लिया।

### मारपीट व धमकी का आरोपी गिरफ्तार

**धारूहेड़ा।** पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष के बयान पर 28 जनवरी को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में जांच के बाद पुलिस ने आजाद नगर निवासी उत्तम तिवारी को गिरफ्तार कर लिया।

### कोर्ट से घोषित दो पीओ भेज गए जेल

**रेवाड़ी।** पुलिस ने कोर्ट से घोषित किए गए दो पीओ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कोर्ट में चल रहे एक मामले में पेश नहीं होने के कारण मायन निवासी जितेंद्र को पीओ घोषित किया गया था। उसके खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश जारी हुए थे। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद से गिरफ्तार कर लिया। इसी तरह एक अन्य मामले में मॉडल टाउन थाना पुलिस ने यूपी के पिपरिया निवासी विकास को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

### कोसली से तीन बच्चों सहित महिला लापता

**कोसली।** क्षेत्र के गांव से महिला तीन बच्चों को लेकर घर से लापता हो गई। महिला के पति ने कोसली पुलिस को दी शिकायत में बताया कि सोमवार सुबह वह घर से अपनी पिकअप गाड़ी लेकर वाटर सप्लाई करने के लिए चला गया हुआ था। लगभग 10 बजे जब वह घर वापस आया तो उसकी पत्नी, दो बेटियां और बेटा घर पर नहीं थे। उन्होंने अपने स्तर पर तलाश की, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने पति की शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है।

## रेवाड़ी में विनीता पीपल और धारूहेड़ा में अजय जांगड़ा को टिकट

# संगठन पर भारी पड़ी 'रावनीति' दोनों निकाय 'राजा' के हवाले

नगर परिषद व नगर पालिका में अब बंपर जीत दिलाने की जिम्मेदारी पूरी तरह केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के कंधों पर



रेवाड़ी। भाजपा कार्यालय में पत्रकारवार्ता करते हुए जिलाध्यक्ष वंदना पोपली व विनीता पीपल। फोटो : हरिभूमि

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

नगर परिषद व धारूहेड़ा नगर पालिका चेयरमैन की टिकट को लेकर जमकर चली रस्साकसी के बाद आखिर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की ओर से सुझाए गए दोनों नामों पर अंतिम मुहर लगा दी। टिकट की 'जंग' राव और भाजपा संगठन के बीच जमकर चली, जिसमें अहीरवाल के 'राजा' राजनीतिक विरोधियों को झटका देने में कामयाब हो गए। भाजपा के इन दोनों प्रत्याशियों को जीत दिलाने की जिम्मेदारी भी अब पूरी तरह राव और उनके समर्थकों के कंधों पर आ चुकी है।

राव ने नगर परिषद चेयरमैन के लिए राव ने विनीता पीपल और धारूहेड़ा नगर पालिका चेयरमैन पद के लिए अजय जांगड़ा के नाम भाजपा चुनाव समिति को सौंपे थे। भाजपा जिलाध्यक्ष के पास दोनों निकाय में चेयरमैन पद के लिए 20 से अधिक आवेदन आए थे। इनमें कमल निंबल और अजय कांटीवाल ने अपनी-अपनी पत्नियों के लिए टिकट मांगे थे। दावेदारों की संख्या ज्यादा होने के कारण शीर्ष नेतृत्व को प्रत्याशियों के चयन में कड़ी एक्सरसाइज करनी पड़ी। पैनल में संगठन की ओर से दो नाम फाइनल करने के बाद उनमें से किसी एक को टिकट देने पर सहमति बनाने के प्रयास किए जा रहे थे, परंतु राव की ओर से दोनों निकायों में अपने ही दोनों समर्थकों को टिकट देने की जिद की जा रही थी। राव की मर्जी के खिलाफ मानेसर नगर निगम के मेयर चुनाव में मात खा चुकी भाजपा के लिए उन्हें नाराज करने की राह आसान नहीं थी। आखिरकार पार्टी ने उन्हीं के सुझाए गए विनीता पीपल और अजय जांगड़ा के नामों पर अंतिम मुहर लगा दी। टिकट को लेकर भाजपा में लंबा मंथन चला, जिस कारण टिकट फाइनल करने में भी देरी हो गई।

### गत चुनावों के परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | वोट |
| --- | --- | --- |
| पूनम यादव | भाजपा | 25965 |
| उपमा यादव | निर्दलीय | 23878 |
| विक्रम यादव | कांग्रेस | 15271 |

### वार्डों के प्रत्याशियों की सूची

| | |
| --- | --- |
| 1. संगीता लता | 2. पूजा देवी |
| 3. सुनील दत्त | 4. ओमप्रकाश सैनी |
| 5. संतोष देवी | 6. कैप्टन देवदत्त |
| 7. चेतराम सैनी | 8. सीमा धींगड़ा |
| 9. भूपेंद्र भालिया | 10. श्याम चुग |
| 11. सुषमा देवी | 12. निखिल यादव |
| 13. बबली | 14. सोमदत्त |
| 15. रेखा सैनी | 16. नवीन रोहिल्ला |
| 17. सुरेश कुमार | 18. मनीष गुप्ता |
| 19. निहाल सिंह यादव | 20. निर्मला देवी |
| 21. संतोष यादव | 22. देवेंद्र कुमार शर्मा |
| 23. रीना गुप्ता | 24. नीरज कुमार |
| 25. सत्यनारायण | 26. अजीत यादव |
| 27. रेखा रानी | 28. मुकेश सारवान |
| 29. त्रिलोक चंद | 30. सरोज देवी |
| 31. प्रदीप भार्गव | 32. कुसुमलता |

### राव का विरोधियों को दूसरा झटका



वर्ष 2000 के नगर परिषद चुनाव के दौरान भी चेयरमैन पद की टिकट को लेकर पार्टी में जमकर घमासान हुआ था। भाजपा में ही राव विरोधी खेमे ने संगठन से जुड़े किसी पुराने व निष्ठावान कार्यकर्ता को टिकट दिलाने की जमकर पैरवी की थी, लेकिन राव अपनी समर्थक पूनम यादव को टिकट दिलाने में कामयाब हो गए थे। राव समर्थित भाजपा प्रत्याशी को हराने के लिए एंटी राव खेमे ने पूरी ताकत झोंक दी थी, लेकिन राव और उनकी टीम पूनम को चेयरमैन बनाने में सफल हो गई थी।

### कांग्रेस से सीधे मुकाबले की उम्मीद



कांग्रेस ने नगर परिषद चेयरमैन पद के लिए नेहारिका चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। पिछले चुनावों में पूर्व जिला प्रमुख सतीश यादव की पत्नी उपमा यादव भाजपा प्रत्याशी को सीधी टक्कर देने में कामयाब रही थीं। भाजपा की आंतरिक फूट का सीधा फायदा उपमा यादव को मिला था। फिलहाल दोनों प्रमुख दलों के बीच आर-पार की जंग के आसार नजर आ रहे हैं। इनेलो नेता रजवंत डहीनवाल की पत्नी मीनू डहीनवाल इस बार सशक्त तीसरे प्रत्याशी के रूप में मैदान में उपस्थिति दर्ज करा सकती है।

### इस बार भी भितरघात की आशंका

राव समर्थित दोनों प्रत्याशियों की टिकट फाइनल होने के साथ ही भाजपा में एक बार फिर 'भीतरघात' का आशंका बलवती हो गई है। विरोधी खेमा हर चुनाव में राव को मात देने के लिए एकजुट हो जाता है। वर्ष 2019 के विधानसभा चुनावों में रेवाड़ी प्रत्याशी सुनील मुसेपुर की हार विरोधी खेमे की एकजुटता का ही परिणाम मानी गई थी। इस चुनाव में एंटी राव खेमा पूरी तरह से चुप्पी साधे हुए है, परंतु पार्टी प्रत्याशी को नुकसान पहुंचाने की आशंका पिछले चुनाव से भी ज्यादा बढ़ चुकी है।

### सभी वार्डों में भी प्रत्याशी किए तय

भाजपा ने शहर के सभी वार्डों में पार्षद चुनाव सिंबल पर लड़ने का निर्णय लिया था। पार्टी की ओर से सभी वार्डों के प्रत्याशियों के नाम भी फाइनल कर दिए गए हैं। चेयरमैन प्रत्याशी के साथ-साथ वार्डों के प्रत्याशियों की सूची में भी केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के समर्थकों को अच्छा स्थान दिया गया है।

## डीटीपी ने लाइसेंसी कॉलोनियों से हटाए अवैध कब्जे



**रेवाड़ी।** डीटीपी की ओर से लाइसेंसी कॉलोनियों में सीमा से अधिक जगह पर रैंप, ग्रीन बेल्ट, पार्किंग व लॉन बनाकर अतिक्रमण करने वाले लोगों पर लगातार तीसरे दिन भी कार्रवाई जारी रही। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के स्टिल्ट प्लस फोर पॉलिसी पर दिए गए आदेशों के बाद प्रदेश सरकार की ओर से सभी जिलों के डीटीपी को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। डीटीपी की टीम ने वीरवार को गढ़ी बोलनी रोड पर केएसएस सोसायटी पर अवैध ग्रीन बेल्ट, सीमा दीवार व पार्किंग शेड हटाने की कार्रवाई की गई। डीटीपी की टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की मौजूदगी में जेसीबी मशीन की सहायता से अवैध कब्जों पर तोड़फोड़ की। डीटीपी मंदीप सिहाग ने कहा कि लाईसेंसी कॉलोनियों से अवैध कब्जे हटाने की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कॉलोनी निवासियों से अपने रिहायशी मकानों के सामने ग्रीन बेल्ट, सीमा दीवार व पार्किंग शेड हटाने का आग्रह किया है ताकि उनका विभागीय कार्रवाई से होने वाले आर्थिक नुकसान से बचाव हो सकें।

- लॉन बनाकर अतिक्रमण करने वाले पर तीसरे दिन भी कार्रवाई जारी

## एनजीटी के आदेश हवा धारूहेड़ा में बढ़ा प्रदूषण


रेवाड़ी। धारूहेड़ा क्षेत्र में जलाया गया कचरा।

- कूड़े के ढेर में आग से पूरे इलाके में छाया धुएं का गुब्बारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

जिले के औद्योगिक कस्बा धारूहेड़ा में रोजाना खुले में कचरा जलाने की घटनाएं आम होती जा रही हैं। देशभर में बढ़ते वायु प्रदूषण को लेकर एनजीटी समय-समय पर सख्त आदेश जारी करता रहा है, जिनमें खुले में कचरा जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए जाते है। इसके बावजूद इन आदेशों की अवहेलना की जा रही है। धारूहेड़ा औद्योगिक क्षेत्र में संचालित अनेक कंपनियों से उत्पन्न कचरे को आग के हवाले कर दिया जाता है। वीरवार को भी कूड़े के ढेर में आग लगा दी गई, जिससे पूरे इलाके में धुएं का गुब्बार छा गया। गांव खरखड़ा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता प्रकाश यादव ने इस गंभीर मुद्दे पर पत्र लिखकर शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषी औद्योगिक इकाइयों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया है कि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं पर पूर्ण रोक लगाने के लिए स्थाई एवं प्रभावी व्यवस्था बनाई जाए, ताकि ऐसी घटनाओं पर विराम लग सकें। स्थानीय निवासियों का कहना है कि लगातार उठते धुएं के कारण सांस संबंधी बीमारियां, एलर्जी और अन्य स्वास्थ्य समस्याएं बढ़ रही हैं।

## भालखी सरपंच पर जानलेवा हमले का एक और आरोपी सलाखों के पीछे

- मामले में अभी तक 14 लोगों को किया जा चुका है गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। सीआईए की गिरफ्त में आरोपी।

सीआईए धारूहेड़ा ने गत 26 जनवरी को भालखी के सरपंच प्रतिनिधि सुरेंद्र उर्फ धोलिया पर जानलेवा हमला करने के एक और आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद सलाखों के पीछे भेज दिया। इस मामले में अभी तक 14 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

ढाणी भालखी निवासी सुरेंद्र उर्फ धोलिया ने अपनी शिकायत में बताया था कि वह 26 जनवरी को गांव भालखी के स्कूल में आयोजित गणतंत्र दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए अपने ताऊ के लडके दीनदयाल के साथ गया था। कार्यक्रम के बाद वह अपनी ब्रेजा कार से घर लौट रहा था। गांव माजरा का अंडरपास क्रॉस करते ही एक बोलेरो कैंपर ने उसकी गाड़ी को टक्कर मार दी। इन गाड़ियों से रवि, योगेश, पंकज निवासी प्रतापुर सहित एक दर्जन से ज्यादा लोग उसके पास आए। उसने आरोप लगाया कि रवि ने उस पर फायर करने का प्रयास किया तो मैगजीन पिस्टल से निकल गई। इसी दौरान आरोपियों ने उसके साथ लाठी डंडों व राड से जमकर मारपीट की। मामले में अब एक और आरोपी महेंद्रगढ़ के गांव भौडी निवासी नीरज उर्फ गौरव को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को कोर्ट में पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### युवक पर जानलेवा हमले का चौथा आरोपी पकड़ा, 21 जनवरी को हुई थी वारदात

**रेवाड़ी।** थाना धारूहेड़ा पुलिस ने गत 21 जनवरी की रात धारूहेड़ा की रामनगर कॉलोनी में एक युवक पर जानलेवा हमले करने के चौथे आरोपी को गिरफ्तार किया है। दो नाबालिग आरोपियों को पुलिस ने पहले ही अभिरक्षा में ले लिया था,



जबकि एक आरोपी लक्की को गिरफ्तार किया गया था। पीजीआई रोहतक में दिए गए पुलिस बयान में रामनगर निवासी देवेंद्र ने बताया था कि 21 जनवरी की रात वह घर के बाहर गली में अपने दोस्त रोबिन से मिलने के लिए आया था। उसी दौरान गोरव चौधरी और दीनू जाट ने उसे फोन करके मिलने की बात कही। उसने इन लोगों को वहां पर आने के लिए कहा। दोनों दो गाड़ियों और बाइकों पर कई युवकों के साथ वहां आए और पिस्टल निकालकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। पुलिस ने उसके बयान पर आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित कई धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में अब पुलिस ने धारूहेड़ा के आजाद नगर निवासी उत्तम तिवारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

## टक्कर के बाद कार पर गिरा पोल, चालक सुरक्षित



- ब्रेक की जगह एक्सिलेटर दबने के कारण हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धारूहेड़ा

धारूहेड़ा के फिरनी रोड पर दोपहर बाद एक कार बिजली के पोल से टकरा गई। कार के ब्रेक की जगह एक्सिलेटर दबाने के कारण यह हादसा हो गया। बिजली का पोल टूटकर कार पर गिर गया। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन हादसे में चालक बाल-बाल बच गया।

आकेड़ा निवासी अभिषेक गुप्ता कार लेकर फिरनी रोड की ओर जा रहा था। अचानक उससे ब्रेक की जगह कार का एक्सिलेटर दब गया, जिससे कार असंतुलित होकर बिजली के पोल से टकरा गई। पोल कार के ऊपर गिर गया। बिजली बंद होने के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बचाव होने के कारण अभिषेक कार से बाहर सुरक्षित निकलने में कामयाब हो गया। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी। बिजली का पोल टूटकर जमीन पर गिरने के बाद पूरे एरिया की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। सूचना मिलते ही बिजली निगम के कर्मचारी भी मौके पर पहुंच गए। निगम कर्मचारियों ने बिजली का पोल बदलने के बाद बिजली आपूर्ति बहाल की। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## विधायक संग थाने पहुंचे ग्रामीण, कार्रवाई से असंतुष्ट



- 15 अप्रैल को संदिग्ध हालत में हुई थी महिला नीतू की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

किशनपुरा में गत 15 अप्रैल को हुई महिला नीतू की संदिग्ध हालत में मौत मामले को लेकर राजस्थान के रेणागेर के ग्रामीण मुंडावर के विधायक ललित यादव को साथ लेकर बावल पुलिस स्टेशन पहुंचे। पुलिस पर नीतू की मौत के बाद उचित कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने धरना देने तक की चेतावनी दी। एसएचओ के उचित कार्रवाई के आश्वासन पर ग्रामीण लौटने को तैयार हुए। नीतू की शादी वर्ष 2023 में किशनपुरा निवासी राकेश के साथ हुई थी। गत 15 अप्रैल को नीतू का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिला था। उसके मायके पक्ष के लोगों ने आरोप लगाया था कि पति और जेठ-जेठानी ने मिलकर उसे दहेज की मांग पर गला घोंटकर मारने के बाद फंदे से लटका दिया। एमएलए के साथ थाने पहुंचे ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पुलिस मामले को आत्महत्या का मानकर आरोपियों को बचाने के प्रयास कर रही है।

### सीजन का सबसे गर्म दिन रहा वीरवार

## पीक की ओर बढ़ने लगी गर्मी, कल से मौसम में बदलाव संभव

आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी की संभावना, तापमान में गिरावट के आसार नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी


रेवाड़ी। वीरवार को लू से बचाव के साथ स्कूटी पर जाती युवतियां।

अप्रैल माह के अंत में गर्मी अपने प्रचंड रूप में आने लगी है। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के पार चले जाने के कारण वीरवार का दिन सीजन का सबसे गर्म दिन रहा। मौसम में 25 अप्रैल से बदलाव का अनुमान है। आसमान में बादल छाने और कुछ इलाकों में बूंदाबांदी होने की संभावना जताई जा रही है। तीन-चार दिन तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है। वीरवार को सुबह से ही आसमान साफ बना रहा। तेज धूप निकलने के बाद दोपहर तक गर्म हवाएं चलनी शुरू हो गईं। अधिकतम तापमान 0.2 डिग्री की वृद्धि के साथ 42.2 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। इस सीजन में यह दिन का सर्वाधिक तापमान है। गत वर्ष के इसी दिन के अधिकतम तापमान से यह 2.7 डिग्री ज्यादा है। रात का तापमान 21.0 डिग्री सेल्सियस पर स्थिर रहा। यह भी गत वर्ष 23 अप्रैल के तापमान से 3.5 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। हवा में नमी का स्तर बढ़कर 22 प्रतिशत पर आ गया, जबकि हवाओं की रफ्तार लगभग 10 किलोमीटर प्रति घंटा रही। तापमान बढ़ने से हवाएं गर्म होने लगी हैं, जिससे जल्द ही लोगों को लू के प्रकोप का सामना करना पड़ सकता है। इस समय गर्मी प्रचंड रूप धारण करने की ओर बढ़ रही है। पंखे और एसी के बाद अब कूलर भी चलने शुरू हो गए हैं। सुबह और शाम के समय मौसम अनुकूल रहता है, लेकिन दोपहर बाद तक गर्मी जमकर पसीना छुड़ाती है। गर्मी ज्यादा होने के कारण दोपहर के समय लोग बाहर निकलने से परहेज करते है। लू चलने के कारण लोगों को काफी बीमारियों का भी सामना करना पड़ रहा है। विभाग के अनुसार मौसम में जल्द बदलाव की संभावना जताई जा रही है। लेकिन तापमान में गिरावट की कोई उम्मीद नहीं है।

### कमजोर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय

मौसम विभाग के अनुसार एक कमजोर पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 25 अप्रैल से मौसम में परिवर्तन आ सकता है। उत्तरी दिशा से तेज हवाएं चलने के साथ-साथ आसमान में आंशिक या घने बादल छा सकते हैं। कुछ इलाकों में बूंदाबांदी भी हो सकती है। कुछ दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रह सकता है, लेकिन इससे तापमान में गिरावट की कोई संभावना नहीं है। बूंदाबांदी की स्थिति में लोगों को उमस भरी गर्मी का भी सामना करना पड़ेगा।

बच्चो, तुमने तोते या किसी अन्य जंतु को मनुष्य की आवाज या विभिन्न तरह की ध्वनियों की नकल करते सुना होगा। ये पशु-पक्षी क्यों और कैसे आवाजों की नकल कर लेते हैं, इस बारे में जानो।



# आवाजों की नकल करने में माहिर होते हैं कुछ पशु-पक्षी

जानकारी
शिखर चंद जैन

बच्चो, कुछ पशु-पक्षियों में इंसान की बोली की नकल करने की क्षमता पाई जाती है। कई जंतु तो ऐसे भी होते हैं, जो मनुष्य की बोली के अलावा अन्य स्रोतों से आ रही आवाजों की भी हू-ब-हू नकल कर लेते हैं। तोता, मैना, लायरबर्ड जैसे पक्षी और डॉल्फिन जैसे जलीय जंतु में ये गुण विशेष रूप से पाए जाते हैं। मनुष्य की बोली या फिर किसी आवाज की नकल करने की क्षमता इन जंतुओं की शारीरिक संरचना, मस्तिष्क की संरचना और बुद्धिमत्ता पर निर्भर करती है। इसे विस्तार से जानो-

## विशिष्ट स्वर तंत्र

कुछ पक्षियों में सिरिंक्स नामक एक विशेष अंग स्वरयंत्र होता है, जो उनके श्वास नली में स्थित होता है। यह मनुष्यों के स्वरयंत्र लैरिंक्स से अलग होता है, यह इन पक्षियों में विभिन्न ध्वनियों को उत्पन्न करने में अत्यधिक लचीलापन प्रदान करता है। तोता, मैना और लायरबर्ड जैसे पक्षियों में सिरिंक्स की मांसपेशियां जटिल ध्वनियों को दोहराने में सक्षम होती हैं। लायरबर्ड का सिरिंक्स तो इतना विकसित होता है कि यह चेनसॉ या कैमरे के शटर जैसी यांत्रिक ध्वनियों की भी नकल कर सकता है। पक्षियों के अलावा डॉल्फिन जैसे कुछ स्तनधारी जंतु नाक के छिद्रों और गले की मांसपेशियों का उपयोग करके ध्वनियां उत्पन्न करते हैं। ये जीव मानव सीटी या क्लिक्स जैसी ध्वनियों की भी नकल कर सकते हैं। उनकी नकल शब्दों तक सीमित होती है। इन प्राणियों में ध्वनि उत्पन्न करने वाली मांसपेशियों पर उच्च स्तर का नियंत्रण होता है, जिससे वे विभिन्न आवृत्तियों और स्वरों को दोहरा सकते हैं।





## उत्कृष्ट श्रवण क्षमता

आवाज या ध्वनि की नकल करने वाले प्राणी उत्कृष्ट श्रवण क्षमता रखते हैं, जो उन्हें जटिल ध्वनियों को सुनने, विश्लेषण करने और दोहराने में मदद करती है। जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट न केवल शब्दों को दोहराता है, बल्कि उनके स्वर और लहजे को भी कॉपी करता है। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरणीय ध्वनियों को सुनकर उन्हें सटीक रूप से दोहराते हैं।

## मस्तिष्क की बुद्धिमत्ता और स्मृति

कुछ पक्षियों, जैसे अफ्रीकी ग्रे पैरेट और रेवेन में बड़ा और जटिल मस्तिष्क होता है, विशेष रूप से उनका फोरब्रेन क्षेत्र, जो ध्वनियों को सीखने और



याद रखने में मददगार होता है। न्यूरोलॉजिकल अध्ययनों के अनुसार तोते में एक विशेष मस्तिष्क क्षेत्र होता है, जिसे 'सॉन्ग सिस्टम' कहा जाता है। यह क्षेत्र ध्वनियों को सीखने और उन ध्वनियों को दोहराने में मदद करता है। डॉल्फिन में भी बड़ा मस्तिष्क और जटिल न्यूरल नेटवर्क होता है, जो इसे ध्वनियों को समझने और दोहराने में सक्षम बनाता है।

## सामाजिक संपर्क और प्रशिक्षण

कई बार पालतू पक्षी जैसे तोता-मैना आदि मानव संपर्क में रहने के कारण नकल करते हैं। वे बार-बार सुने गए शब्दों या वाक्यांशों को सीख लेते हैं, उन्हें दोहराते हैं। लायरबर्ड जैसे जंगली पक्षी सामान्य तौर पर प्राकृतिक ध्वनियों (जैसे- पशु-पक्षियों की आवाजें या अन्य ध्वनियां, जो उन्हें सुनाई देती हैं) की ही नकल लेते हैं। लेकिन इंसानों के संपर्क में आने पर, इंसानों की आवाज सुनकर लायरबर्ड्स इंसानी बोली की भी नकल कर सकते हैं। *

## क्यों करते हैं नकल



**बच्चो, तुम** सोच सकते हो कि ये जंतु आवाजों की नकल क्यों करते हैं? नकल करने का जो कारण है, वह इन प्राणियों के प्राकृतिक व्यवहार, सामाजिक संरचना और अस्तित्व की रणनीतियों से जुड़ा होता है।

**सामाजिक संवाद:** ज्यादातर पक्षी और डॉल्फिन सामाजिक प्राणी हैं। नकल उनकी सामाजिक संरचना का हिस्सा है, जिसके माध्यम से वे अपने समूह के अन्य सदस्यों के साथ संवाद करते हैं। जैसे तोता और मैना अपने झुंड में पहचान स्थापित करने के लिए विशिष्ट ध्वनियों की नकल करते हैं। पालतू होने पर वे मानव को अपने 'झुंड' का हिस्सा मानकर और कभी-कभी उनसे मैत्री भाव दर्शाने के लिए भी उनकी बोली की नकल करते हैं। डॉल्फिन अपने समूह (पॉड) में संवाद के लिए सीटियां और क्लिक्स का उपयोग करती हैं। मानव ध्वनियों की नकल उनके सामाजिक बुद्धिमत्ता का हिस्सा हो सकती है।

**पर्यावरणीय अनुकूलन:** जंगली पक्षी, जैसे कौए और रेवेन पर्यावरणीय ध्वनियों की नकल करके अपने आस-पास के खतरों या अवसरों को समझते हैं। उदाहरण के लिए वे शिकारियों की आवाज की नकल करके अन्य जानवरों को चेतावनी देते हैं। लायरबर्ड जैसे पक्षी पर्यावरण की ध्वनियों (जैसे पानी की आवाज या अन्य पक्षियों की कॉल) की नकल करके अपने क्षेत्र में छिपने या संवाद करने में मदद लेते हैं।

**बुद्धिमत्ता और जिज्ञासा:** अफ्रीकी ग्रे तोते और डॉल्फिन जैसे प्राणी अत्यधिक बुद्धिमान होते हैं। उनकी जिज्ञासा और सीखने की क्षमता उन्हें नई ध्वनियों को सीखने और दोहराने के लिए प्रेरित करती हैं। अध्ययनों में पाया गया है कि अफ्रीकी ग्रे तोता 'एलेक्स' न केवल शब्दों को दोहराता था बल्कि उनके अर्थ को समझकर संदर्भ में जवाब देता था, जैसे रंग या आकार के आधार पर वस्तुओं की पहचान करना।

**मानव संपर्क का प्रभाव:** पालतू पक्षी जैसे तोता, मैना और बजरिगर, मानव बोली की नकल इसलिए करते हैं, क्योंकि वे अपने मालिकों के साथ अच्छे संबंध बनाना चाहते हैं। यह उनके सामाजिक लगाव का हिस्सा है। मानव द्वारा प्रशिक्षण और पुरस्कार जैसे भोजन या ध्यान आकर्षण भी उन्हें नकल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

पुलकित ने एक दिन अपनी मां को बताया कि वह बड़ा होकर वैज्ञानिक बनेगा। उसका यह सपना पूरा हो, इसके लिए मां ने उसे जो सूत्र दिया, बच्चो तुम भी जानो, अपने सपने पूरे करो।

# पुलकित का सपना


एआई इमेज



प्रेरक कहानी
नीलम राकेश

बारह साल का पुलकित उस दिन मां के पास आकर बोला, 'मम्मी जी, मैंने फैसला कर लिया है कि मैं बड़ा होकर क्या बनूंगा?'

'अरे वाह! यह तो बहुत अच्छी बात है। क्या सोचा है तुमने?' मां ने उत्सुक होकर पुलकित से पूछा।

'मैं बहुत बड़ा वैज्ञानिक बनूंगा।' पुलकित ने बताया।

'अच्छा तो तुम वैज्ञानिक क्यों बनना चाहते हो?' मां ने जानना चाहा।

'मैं बहुत दिनों से सुन रहा हूं, बड़े लोग बात करते हैं, खेती के लिए जमीन की कमी हो रही है। इस तरह तो अनाज की कमी हो जाएगी। इंसान क्या खाएगा? इसीलिए मैंने सोचा है, मैं वैज्ञानिक बनकर इस समस्या का कोई हल खोजूंगा।' पुलकित थोड़ा गंभीर होकर बोला।

'यह तो बहुत अच्छी बात है। तो तुम खूब मन लगाकर पढ़ाई करो। तभी वैज्ञानिक बनकर तुम अपने सपने को पूरा कर सकोगे।' मां पुलकित के सिर पर प्यार से हाथ फेरते हुए बोलीं।

पुलकित कुछ आश्चर्य से बोला, ' लेकिन मम्मी आप मेरी बात पर हंसी नहीं? जब मैंने अपने दोस्तों को यह बात बताई तो सबने मेरा खूब मजाक उड़ाया। स्कूल में बहुत से बच्चे मुझे देखते ही कहने लगते हैं-आ गए वैज्ञानिक महाशय।'

'यह तो सफलता का पहला लक्षण है। तुम जरूर एक दिन बहुत बड़े वैज्ञानिक बनोगे।' मां ने बेटे का हौसला बढ़ाया।

'वो कैसे..?' पुलकित ने आश्चर्य से मम्मी से पूछा।

'जानते हो बेटा, हमारे जितने भी महान वैज्ञानिक हुए हैं, वे सब आम लोगों से हटकर सोचते थे। क्योंकि वे समय से आगे की सोचते थे। इसलिए लोगों को लगता कि वो जो कह रहे हैं, वह एक पागलपन है। लेकिन आगे जाकर उनका यही पागलपन यानी लक्ष्य पाने का जुनून किसी बड़े आविष्कार का कारण बना। आज लोग तुम पर हंस रहे हैं, क्योंकि वह तुम्हारी बात नहीं समझ पा रहे हैं। बेटा, लोगों का मजाक उड़ाना भूलकर तुम्हें बस अपने ऊपर विश्वास करके खूब मेहनत और गंभीरता से पढ़ाई करनी चाहिए। अपने लक्ष्य के प्रति कटिबद्ध रहना है। देखना एक दिन तुम जरूर सफल होगे।'

मां की बात सुनकर नन्हे पुलकित के चेहरे पर विश्वास की आभा तैर उठी। उसने मन ही मन संकल्प लिया वह वैज्ञानिक बनकर कोई ऐसी खोज जरूर करेगा, जिससे देश में इतना ज्यादा अनाज पैदा हो कि लोगों के लिए इसकी कमी ना हो। *

तुम्हारे लिए नई किताब / विज्ञान भूषण

# प्रेरित करती कहानियां



बच्चो, वरिष्ठ लेखक गोविंद शर्मा कई दशकों से रोचक, प्रेरक बाल कहानियां लिख रहे हैं। उनकी 36 प्यारी-प्यारी कहानियों की किताब 'मेरी पसंद की बाल कहानियां', शकुंतला कालरा के संपादन में छपकर हाल में ही आई है। ये कहानियां मनोरंजक तो हैं ही, साथ ही हर कहानी में तुमको कोई न कोई प्रेरणा या शिक्षा भी जरूर मिलेगी। 'सोने का अंडा' कहानी कहती है कि लालच हमेशा बुरा परिणाम ही देता है। 'जल की रानी' कहानी में तुम पढ़ोगे कि किस तरह एक नन्ही बच्ची, खरगोश को स्विमिंग पूल में डूबने से बचा लेती है। कुछ इसी तरह की कहानी है 'छत पर पूल', जिसमें बच्चे चिड़िया को बचाने के लिए छत पर तालाब जैसा बना देते हैं। 'काचू की टोपी' कहानी हंसते-हंसाते बताती है कि हमें सच्चाई का रास्ता कभी नहीं छोड़ना चाहिए। इसी तरह 'जल कंजूस', 'चुटकी भर मिट्टी' और 'पानी में पैसा' जैसी कहानियां पर्यावरण के प्रति सजग बनाती हैं। बच्चो, सभी कहानियां तुम्हें जरूर अच्छी लगेंगी। *

**किताब:** मेरी पसंद की बाल कहानियां–गोविंद शर्मा, **संपादन:** डॉ. शकुंतला कालरा, **मूल्य:** 250 रुपए, **प्रकाशक:** लिटिल बर्ड पब्लिकेशंस, नई दिल्ली

## हंसगुल्ले

**टीचर:** अगर तुम महान काम करोगे, तो तुम्हारा नाम अमर हो जाएगा।
**रमन:** लेकिन सर, मेरे पुराने नाम का क्या होगा?
-श्रेया, रायपुर


**गप्पू:** मेरी बिल्ली अपना नाम खुद बोल सकती है।
**पप्पू:** अच्छा! क्या नाम है तुम्हारी बिल्ली का?
**गप्पू:** म्याऊं।
-अक्षत, बिलासपुर



**टीचर:** तुम 18वीं सदी के वैज्ञानिकों के बारे में क्या जानते हो?
**रोहित:** सर, यही कि वे अब इस दुनिया में नहीं हैं।
-सारांश, रोहतक

## जीके क्विज-202

1. आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन कहां किया जाएगा?
2. मार्च 2026 के लिए आईसीसी पुरुष 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का खिताब किसने जीता है?
3. हरियाणा के वर्तमान राज्यपाल कौन हैं?
4. बोहाग बिहू किस राज्य का प्रसिद्ध उत्सव है?
5. वायुमंडल की कौन-सी परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों से हमारी रक्षा करती है?
6. किस शासक ने ग्रैंड ट्रंक रोड का निर्माण कराया था?
7. स्वतंत्र भारत के पहले गृह मंत्री कौन थे?
8. दालों में सेहत के लिए लाभदायक कौन-सा तत्व प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
9. राज्यसभा का पदेन अध्यक्ष कौन होता है?
10. एनीमिया नामक रोग शरीर में किस तत्व की कमी से होता है?



बच्चो, जीके क्विज-202 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-201 का उत्तर :** 1. दिव्या सिंह, 2. सम्राट चौधरी, 3. ताइक्वांडो, 4. भुवनेश्वर कुमार, 5. 1 मई, 6. कृष्णदेव राय, 7. बैकाल, 8. 12 सदस्य, 9. सिस्मोग्राफ, 10. कावेरी

**जीके क्विज-201 का सही उत्तर देने वाले :** गुंजा-रायपुर, शुभम-बलौदा बाजार, कबीर-हिसार, ऊर्जस्वी-सारंगढ़ बिलाईगढ़, आनंद-सीतापुर, सौम्या-रायगढ़, स्वप्निल-जांजगीर, हेमंत-बिलासपुर, तरुण-रोहतक, कविता-महासमुंद

कहानी
इंदिरा त्रिवेदी

रिनी, वार्डरोब में अपने कपड़े बड़े ही बेतरतीब ढंग से रखती थी। उसकी इसी लापरवाही पर एक दिन उसके कपड़े, आपस में बात करके अपनी नाराजगी, गुस्सा प्रकट करने लगे। उन्हें इस बात की तकलीफ थी कि वे रिनी से कुछ बोल नहीं सकते। फिर भी क्या रिनी की आदत में कोई सुधार हुआ?

# काश! हम कुछ कह पाते


एआई इमेज

'लो और कपड़े आ गए वार्डरोब के अंदर! वैसे ही वार्डरोब ठसाठस भरी हुई थी।' कहते हुए रिनी की वार्डरोब में रखी शॉर्ट कुर्ती ने मुंह बनाया। यह देख नया टॉप पहले थोड़ा सकुचाया फिर बोला, 'क्या हुआ बहन, क्या कहना चाह रही हो?'

'कुछ नहीं, तुम नए-नए हो इसलिए कुछ नहीं जानते। कुछ समय बाद तुम्हें अपने आप ही पता चल जाएगा।' शॉर्ट कुर्ती रुक-रुक कर बोली। 'क्या बात है बहन, कुछ तो बताओगी या ऐसे ही पहेलियां बुझाती रहोगी!' नए टॉप ने बात जाननी चाही।

'क्या बताऊं भाई, दरअसल रिनी बहुत लापरवाह लड़की है। कोई भी कपड़ा कहीं भी पटक देती है। कपड़े यहां-वहां पटक देना इसने अपनी आदत ही बना ली है। आज मैं जरूर वार्डरोब में धुली और प्रेस की हुई करीने से रखी हूं, लेकिन पिछले चार दिनों से दरवाजे के पीछे पड़ी धूल खा रही थी। रिनी को जब मम्मी की जोरदार डांट पड़ी, तब उसने मुझे धुलने को दिया और प्रेस होने के बाद मैं आज चैन की सांस ले रही हूं। तुम अभी नए नए हो। धीरे-धीरे सब कुछ जान जाओगे।' शॉर्ट कुर्ती ने अपनी परेशानी बताई। यह सुनकर टॉप सोच में पड़ गया, लेकिन रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में जानने की उसकी जिज्ञासा बढ़ गई, बोला, 'अच्छा बहन, रिनी और घर के अन्य सदस्यों के बारे में थोड़ा और बताओ।'

शॉर्ट कुर्ती बोली, 'घर के सदस्यों के बारे में क्या बताऊं भाई। और लोग तो जितने व्यवस्थित हैं, उतनी ही रिनी लापरवाह है। उसकी एक दीदी है, बेचारी अकसर मशीन लगा-लगाकर कपड़े धोती रहती है। मम्मी भी धुले हुए कपड़ों को तह करके जब देखो तब रखती रहती हैं, लेकिन अपने कपड़ों को तो रिनी को खुद ही संभालना चाहिए न। क्यों सही कहा न मैंने?' 'हां, हां बिल्कुल, अपना काम तो स्वयं ही करना चाहिए। और वैसे भी इतनी छोटी थोड़ी है वो जो अपना काम न कर सके।' टॉप बोला।

'वही तो मैं भी कह रही हूं, नाइंथ क्लास में वह आ गई है, कुछ तो अक्ल आ जानी चाहिए न!' कुर्ती भुनभुनाई। 'हूं..!' टॉप ने हां में हां मिलाई। उसके साथ ही वार्डरोब में रखे अन्य कपड़ों ने भी सिर हिलाकर अपनी-अपनी सहमति दी। शॉर्ट कुर्ती ने देखा कि सभी कपड़े उसकी बात को ध्यान से सुन रहे हैं। यह देखकर वह और जोश में आ गई। सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित करते हुए बोली, 'एक बार की बात बताऊं?'

'हां-हां बताओ-बताओ..।' सभी कपड़े एक स्वर में बोले। कुर्ती ने जोश में बताना शुरू किया, 'करीब दो महीने पहले की बात है, रिनी अपने चाचाजी के घर गई थी। चाचाजी की एक बेटी रिनी की हमउम्र है। उस दिन रिनी ने मुझे ही पहना हुआ था। मैंने देखा रिनी के चाचाजी का घर बहुत बड़ा, साफ-सुथरा था। घर की हर चीज करीने से सजी हुई थी। रिनी के चाचाजी की बेटी का नाम सोना है। उसका एक अलग कमरा था। कमरे में उसकी दो अलमारियां थीं। एक किताबों की और दूसरी कपड़ों की। जब रिनी सोना के कमरे में गई तो उसने अपना कमरा दिखाया, साथ में अपनी अलमारियां भी रिनी को दिखाईं। दोनों अलमारियां बहुत अच्छी साफ-सुथरी और व्यवस्थित थीं। कपड़ों की अलमारी में घर के कपड़ों का अलग रैक था। स्कूल के कपड़े, टाई, बेल्ट, मोजे, बैज हर चीज अपनी जगह पर रखी हुई थी। शू-रैक में शूज और चप्पलें करीने से जमे हुए थे। यह सब देखकर मेरी तो आंखें फटी की फटी रह गईं, लेकिन रिनी पर उसका कोई असर नहीं पड़ा। हैरानी की बात तो यह है कि सोना स्वयं अपनी दोनों अलमारी को जमाती है, उसे साफ-सुथरा रखती है।' कुर्ती ने यह भी बताया, 'वैसे यहां मम्मी और दीदी भी अपनी चीजों को अच्छी तरह रखते हैं, लेकिन रिनी ही लापरवाह है। ऐसे में हम कपड़ों की उम्र भी कम हो जाती है।'

तभी एक लाल रंग की फ्रॉक चहकते हुए बोली, 'छोटा मुंह और बड़ी बात, एक बात कहना चाहूंगी कि कपड़े इंसान की शोभा बढ़ाते हैं, यह बात सच है कि नहीं।' अन्य कपड़ों ने भी उसकी बात से सहमति प्रकट की, 'बिल्कुल सही कहा लाल फ्रॉक तुमने।' नए टॉप ने भी कपड़ों का महत्व माना, वह बोला, 'अगर व्यक्ति साफ-सुथरे और प्रेस किए कपड़े पहनता है तो उसका व्यक्तित्व कुछ खास नजर आता है। और तो और, अच्छे और साफ-सुथरे कपड़े पहनने से मनुष्य का आत्मविश्वास भी बढ़ता है।' 'लेकिन इन्हें कैसे समझाएं? काश! हम कुछ कह पाते।' सभी कपड़े एक साथ बोल पड़े। यह चर्चा चल ही रही थी कि कमरे का दरवाजा खुला और रिनी के साथ मम्मी और दीदी भी आ गए। रिनी ने अपनी वार्डरोब जैसे ही खोली, धड़धड़ाते हुए कपड़े जमीन पर गिर पड़े। उसने पलटकर देखा तो मम्मी और दीदी उसे गुस्से में देख रही थीं। रिनी बहुत शर्मिंदा हुई। उसने मन ही मन संकल्प कर लिया कि वह भी अपनी अलमारी को सोना की तरह जमाकर अच्छी तरह रखेगी।

उस दिन के बाद से रिनी सुधर गई और अपने कपड़े ही नहीं, अपनी हर चीज को जगह पर और संभालकर रखने लगी। रिनी की इस बदली आदत से सारे कपड़े खुशी से फूले नहीं समा रहे थे। दीदी और मम्मी-पापा भी रिनी की तारीफ करते नहीं थक रहे थे। *

कविता
राजेंद्र श्रीवास्तव


एआई इमेज

## मच्छर जब आते हैं

रोहन बोला दादा जी से
मच्छर जब आते हैं।
आसपास कानों के आकर
भन-भन-भन्नाते हैं।
जब भी आते खून चूसकर
चुपके से उड़ जाते।
डेंग्यू और मलेरिया ज्वर
ये मच्छर फैलाते।
दादू बोले दोष न इनका
यह है भूल हमारी।
कचरा नमी गंदगी देखो
फैली कितनी सारी।
साफ स्वच्छ जब आसपास का
वातावरण बनेगा।
दूर-दूर तक कोई मच्छर
तो फिर नहीं दिखेगा।

## रंग भरो-200

**रंग भरो-200** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




आन्या, दुर्ग


अमोल, बेमेतरा


तोयशराज, रायपुर


आशना, जांजगीर


माही, महासमुंद


आर्यन, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

रियांशी-बहादुरगढ़, विशिका-बिलासपुर, झरना-धमतरी, डॉली-मटियारी, किंजल-जबलपुर, सुमित-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, दिव्या-जांजगीर, कविता-रायपुर, हितेश-दिल्ली, राकेश-हिसार, अंकित-गुना, सुयश-करनाल, रिंकी-बालोद

## रंग भरो 201



बच्चो, इस ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में पिंकी ड्रॉइंग बना रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो: संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## पूर्व चेयरपर्सन शकुंतला भांडोरिया व भाजपा मंडलाध्यक्ष पूनम सतीजा ने की बगावत

# नप रेवाड़ी और नपा धारूहेड़ा के चेयरपर्सन पद पर दो-दो उम्मीदवारों ने किया नामांकन

- कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री शकुंतला भांडोरिया ने उठाए सवाल, पूनम सतीजा का निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

वीरवार तक नगर परिषद रेवाड़ी के अलग-अलग वार्डों से पार्षद पदों के लिए 27 और नगर पालिका धारूहेड़ा में पार्षद पदों के लिए 16 प्रत्याशियों ने किया नामांकन दर्ज

जिले में 10 मई को होने वाले नगर परिषद रेवाड़ी व नगर पालिका धारूहेड़ा के आम चुनाव सहित पंचायती राज संस्थाओं में रिक्त पदों के उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया तीसरे दिन भी जारी रही। राज्य चुनाव आयोग की ओर से 10 मई को कराए जाने वाले चुनाव व उपचुनाव के लिए प्रत्याशी 25 अप्रैल सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक मीणा ने बताया कि नामांकन के तीसरे दिन वीरवार तक नगर परिषद रेवाड़ी चेयरपर्सन पद के लिए 2 और नगर पालिका धारूहेड़ा चेयरपर्सन पद के लिए 2 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं नगर परिषद रेवाड़ी के अलग-अलग वार्डों से पार्षद पदों के लिए 27 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। इसी प्रकार नगर पालिका धारूहेड़ा के पार्षद पदों के लिए विभिन्न वार्डों से 16 प्रत्याशियों ने नामांकन दर्ज कराए हैं। उन्होंने बताया कि पंचायत राज संस्थाओं में रिक्त पदों के लिए वीरवार तक किसी ने भी नामांकन दर्ज नहीं कराया है।






रेवाड़ी। धारूहेड़ा में चेयरमैन पद के लिए नामांकन दाखिल करते हुए प्रत्याशी तथा रेवाड़ी में चेयरपर्सन पद के लिए नामांकन दाखिल करते हुए प्रत्याशी।

### नगरपालिका के लिए नामांकन स्थल

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि नगर पालिका धारूहेड़ा के लिए एसडीएम रेवाड़ी सुरेश कुमार को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर पालिका धारूहेड़ा में चेयरमैन व वार्ड नंबर 1 से 18 के पार्षद पद के उम्मीदवार तहसील कार्यालय धारूहेड़ा में अपना नामांकन दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि इस प्रकार पंचायती राज संस्थाओं में रिक्त पदों के लिए प्रत्याशी निर्धारित किए गए स्थानों पर 25 अप्रैल सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक अपना नामांकन दर्ज करा सकते हैं।

### नगर परिषद के यहां किए जा सकते नामांकन दाखिल

डीसी ने बताया कि नगर परिषद रेवाड़ी के लिए एडीसी राहुल मोदी को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है। नगर परिषद रेवाड़ी में चेयरपर्सन पद के लिए उम्मीदवार लघु सचिवालय के प्रथम तल पर स्थित कमरा नंबर 202 में अपना नामांकन पत्र जमा कर सकता है। वहीं रेवाड़ी नगर परिषद के वार्ड नंबर 1 से 11 के पार्षद पद के लिए नया मॉडल टाउन स्थित सेक्टर-1, ईओ एचएसवीपी कार्यालय में नामांकन दर्ज करा सकते है। इसी प्रकार वार्ड नंबर 12 से 22 के पार्षद पद के लिए महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन विभाग रेवाड़ी के कार्यालय, वार्ड नंबर 23 से 32 के पार्षद पद के लिए लघु सचिवालय स्थित जिला राजस्व अधिकारी कार्यालय के कमरा नंबर।113 में नामांकन दर्ज करा सकते है।

## टिकट घोषणा के बाद 'बगावत' का दौर

रेवाड़ी। टिकटों की घोषणा के साथ ही कांग्रेस और भाजपा में वरिष्ठ नेताओं की नाराजगी का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री व नगर परिषद की पूर्व चेयरपर्सन शकुंतला भांडोरिया ने चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया, तो वार्ड नं. 8 से निवर्तमान पार्षद व भाजपा मंडल उपाध्यक्ष पूनम सतीजा ने पद से इस्तीफा दे दिया। नगर परिषद की चेयरपर्सन रह चुकी शकुंतला भांडोरिया लंबे समय से कांग्रेस और कैप्टन हाउस से जुड़ी रही हैं। उन्होंने एक बार फिर से चेयरमैन का चुनाव लड़ने के लिए ग्रामीण जिलाध्यक्ष को आवेदन भेजा था। कांग्रेस ने शहरी जिलाध्यक्ष प्रवीण चौधरी की पत्नी नेहारिका चौधरी को टिकट देकर चुनाव मैदान में उतारा, तो भांडोरिया का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंच गया। उन्होंने वीरवार को मीडिया से बातचीत में नगर परिषद चेयरमैन का चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि वह लंबे समय से कैप्टन अजय सिंह यादव के परिवार की सदस्य की तरह रही हैं। पार्टी की दशकों से सेवा की है। इसके बावजूद जिलाध्यक्ष की पत्नी को टिकट दिलाकर उनके साथ धोखा किया गया है। आवेदन किए जाने के बावजूद उनका नाम पैनल तक में नहीं भेजा गया।

### अस्सी फीसदी कांग्रेसी साथ होने का दावा



भांडोरिया ने कहा कि उन्हें टिकट नहीं देने से शहर के कांग्रेसी वर्कर खासे नाराज हैं। कार्यकर्ताओं ने टिकट की घोषणा के साथ ही उन पर चुनाव लड़ने का दबाव बनाना शुरू कर दिया था, जिस कारण उन्होंने चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है। वह शुक्रवार को नामांकन दाखिल करेंगी। भांडोरिया अगर चुनाव मैदान में उतरती हैं, तो इससे कांग्रेस प्रत्याशी को बड़ा नुकसान होने की पूरी आशंका रहेगी।

### पूनम ने भी निर्दलीय लड़ने की ठोकी ताल



भाजपा की मंडल उपाध्यक्ष और निवर्तमान पार्षद पूनम सतीजा अपने वार्ड से दो बार पार्षद रह चुकी हैं। इस बार भी वह वार्ड नं. 8 से चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। भाजपा ने उन्हें टिकट नहीं दिया, तो वीरवार को उन्होंने जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली को पद व पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देकर निर्दलीय चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी।

## आरपीएस स्कूल में युवाओं को राष्ट्र सेवा का दिया संदेश



महेंद्रगढ़। विद्यार्थियों से बात करते एनसीसी अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

- नए एनसीसी नामांकन की प्रक्रिया और जागरूकता अभियान का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

नारनौल स्थित 16 हरियाणा एनसीसी बटालियन के तत्वावधान में वीरवार को क्षेत्र के अग्रणी शैक्षणिक संस्थान आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नए एनसीसी नामांकन की प्रक्रिया और जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस विशेष सत्र का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को एनसीसी के माध्यम से राष्ट्र सेवा और अनुशासित जीवन की मुख्यधारा से जोड़ना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर्नल संदीप ने की। उनके साथ बटालियन की अनुभवी टीम में सब मेजर दानाराम, सूबेदार जसवीर सिंह और हवलदार अनु राणा शामिल रहे। सैन्य अधिकारियों ने विद्यालय परिसर का निरीक्षण किया और छात्र-छात्राओं के साथ सीधा संवाद स्थापित किया। कर्नल संदीप ने कहा कि एनसीसी केवल एक संगठन नहीं, बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की एक पाठशाला है।

### युवाओं को सेना के महत्व की दी जानकारी

युवाओं को सेना के महत्व, साहस और बलिदान की कहानियों से प्रेरित करते हुए बताया कि किस प्रकार एनसीसी कैडेट्स में अनुशासन, एकता और निस्वार्थ सेवा की भावना जागृत करती है। ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थी के चरित्र का सर्वांगीण विकास करना है। सीईओ इंजी. मनीष राव ने कहा कि एनसीसी युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाती है, जिससे वे भविष्य में देश के जिम्मेदार नागरिक बन सकें। हमें गर्व है कि हमारे विद्यालय के छात्र राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देने के लिए इतने उत्साहित हैं। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने भी बच्चों को प्रेरित किया। विद्यालय प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि एनसीसी के माध्यम से छात्रों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर मिलता है। विद्यालय हमेशा से ही खेल और रक्षा क्षेत्र में छात्रों की भागीदारी को प्राथमिकता देता रहा है। आज का यह जागरूकता सत्र विद्यार्थियों के मनोबल को बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से छात्राओं में जबरदस्त जोश और लगन देखी गई।

### टॉप 10 में यदुवंशी कॉलेज के पांच विद्यार्थी शामिल

महेंद्रगढ़। इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से एमएससी फिजिक्स के तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें यदुवंशी कॉलेज के पांच विद्यार्थियों ने टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया। भारती पुत्री शिवकुमार ने पूरे विश्वविद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं महक पुत्र परमजीत ने पांचवां, रिसवा पुत्री ओमप्रकाश ने छठा, भावना पुत्री करण सिंह ने आठवां व शिखा गुप्ता पुत्री रिंकू ने 10वां स्थान हासिल करके न केवल अपना नाम रोशन किया, बल्कि अपने माता-पिता के साथ-साथ यदुवंशी कॉलेज का भी नाम रोशन किया।

### सीएल स्कूल के विद्यार्थियों ने पाई जेईई में सफलता

नारनौल। आईआईटी जेईई मेंन्स के घोषित परिणामों में हुडा स्थित सीएल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्राचार्य रविन्द्र सिंह ने बताया कि जेईई मेंन्स में विद्यालय के तीन विद्यार्थियों सुमित कुमार पुत्र रणसिंह 98.63 प्रतिशत, गौरव शर्मा पुत्र संदीप कुमार 98.08 प्रतिशत, मयंक सैनी पुत्र देवेन्द्र कुमार 96.2 प्रतिशत अंक हासिल कर सफलता प्राप्त की है। संस्था के प्रबन्धक निदेशक डॉ. अमित गुप्ता ने विद्यार्थी को बधाई देते हुए कहा कि वर्तमान युग प्रतियोगी परिक्षाओं का युग है। इसलिए प्रत्येक बच्चे को अपने आपको समय के अनुसार तैयार करना पड़ेगा, तभी हम सफलता प्राप्त कर सकते है।

## पूर्व डिप्टी सीएम के मामले में निष्पक्ष जांच की मांग, 27 को उठाएंगे बुलंद आवाज

- जेजेपी जिला अध्यक्ष राजकुमार खातोद ने की प्रेसवार्ता, सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पूर्व उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ घटी घटना से जेजेपी कार्यकर्ताओं में रोष है। इस मामले में पुलिस विभाग और सरकार दोनों का अहम किरदार है। समय रहते हमारी सरकार से मांग है कि वे इस मामले की निष्पक्ष जांच करें और जो दोषी है, उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। लेकिन अफसोस की बात है इतना समय बीतने के बाद भी सरकार ने कोई बड़ा कदम नहीं उठाया। इससे जेजेपी कार्यकर्ताओं में गुस्सा है। इसी संबंध में 27 अप्रैल को हिसार में महापंचायत बुलाई गई है। इसमें प्रदेशभर से कार्यकर्ता पहुंचेंगे और अपने नेता के साथ खड़े होंगे। यह बात जेजेपी जिला प्रधान राजकुमार खातोद ने वीरवार प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि इस महापंचायत में जिले से काफी संख्या में लोग जाएंगे। साथ ही पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के साथ हिसार में कथित पुलिस बदसलूकी करने के मामले की निष्पक्ष जांच करने की भी मांग की जाएगी।



नारनौल। प्रेसवार्ता करते जिला अध्यक्ष राजकुमार खातोद। फोटो : हरिभूमि

## एमएलएस डीएवी के लिए गर्व का क्षण

नारनौल। एमएलएस डीएवी स्कूल के पूर्व छात्र हिमांशु कुमार पुत्र गौतम कुमार गांव ढोसी ने राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित प्रतिष्ठित राजस्थान प्रशासनिक सेवा परीक्षा उत्तीर्ण की है। हिमांशु की लगन, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प ने न केवल उनके परिवार बल्कि उनकी संस्था डीएवी का भी नाम रोशन किया है। उनकी यह उपलब्धि वर्तमान विद्यार्थियों के लिए एक उज्ज्वल उदाहरण है कि एकाग्रता और दृढ़ निश्चय से कोई भी लक्ष्य, दूर नहीं है। 22 अप्रैल को आरएएस हिमांशु को विद्यालय में पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया और इस उल्लेखनीय सफलता पर उन्हें बधाई दी गई। हिमांशु यूकेजी कक्षा से एमएलएस डीएवी का विद्यार्थी रहा। स्नातक परीक्षा भी हंसराज डीएवी कॉलेज दिल्ली से ही उत्तीर्ण की। हिमांशु ने डीएवी परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सफलता के पीछे डीएवी परिवार के मार्गदर्शन का विशेष योगदान रहा है। प्राचार्य राजेश कुमार ने विद्यालय परिवार की ओर से हिमांशु कुमार व उनके माता-पिता को बधाई दी।



नारनौल। पूर्व छात्र हिमांशु को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि




महेंद्रगढ़। पुस्तक का विमोचन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### जीनियस एकेडमी में नई पुस्तक का विमोचन

महेंद्रगढ़। जीनियस एकेडमी में विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया। इस दौरान एकेडमी की छात्राओं की ओर से जीनियस प्रकाशन की नई पुस्तक हरियाणा सामान्य ज्ञान का विमोचन किया गया। विश्व पुस्तक दिवस प्रत्येक वर्ष 23 अप्रैल को मनाया जाता है। इस दिवस का आयोजन संयुक्त राष्ट्र के शैक्षिक संगठन, यूनेस्को की ओर से किया जाता है। विश्व पुस्तक दिवस का आयोजन सर्वप्रथम 23 अप्रैल 1995 में किया गया था। एकेडमी परिसर में विश्व पुस्तक दिवस पर एकेडमी निदेशक अमित यादव ने प्रतिभाशाली छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक भेंट की। उन्होंने कहा कि पुस्तकें हमारे जीवन में बहुत ही उपयोगी होती हैं। पुस्तकें मनुष्य की सच्ची मित्र होती है। पुस्तकों से ही विकास का मार्ग प्रशस्त होता है। चेयरपर्सन सोनिका यादव ने कहा कि सार्वजनिक पुस्तकालय में पुस्तक प्रदर्शनी तथा पुस्तकों के महत्व पर परिचर्चा सहित विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। पुस्तक से संबंधित अनेक गतिविधियां होती हैं।

## ओम साईराम स्कूल में जनगणना अभियान का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

देश की आगामी जनगणना को आधुनिक और तकनीकी रूप देने के उद्देश्य से प्रशासन की ओर से रमेश सैनी चैयरमैन ने डिजिटल जनगणना स्व-गणना जागरूकता अभियान का भव्य आगाज हुआ। इस कार्यक्रम ने न केवल छात्रों बल्कि क्षेत्र के दर्जनों गांवों को एक राष्ट्र, एक गणना के संकल्प से जोड़ दिया।

कार्यक्रम के मुख्यातिथि एसडीएम योगेश सैनी आईएएस, अध्यक्षता स्कूल चेयरमैन रमेश सैनी व विशिष्ट अतिथि तहसीलदार अजय कुमार, कॉर्डिनेटर अनिकेत यादव, राजेश शर्मा झाड़ली ने दीप प्रज्वलित कर अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल व्यक्तियों की गिनती नहीं है, बल्कि यह देश के संसाधनों के सही वितरण और भविष्य की कल्याणकारी योजनाओं का खाका है। इस बार 'पेपर से पिक्सल' यानी डिजिटल स्व-गणना की शुरुआत डेटा में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित करेगी। तहसीलदार अजय कुमार ने भी विद्यार्थियों को इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। समारोह का मुख्य आकर्षण विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एक लघु नाटिका रही। चेयरपर्सन निशा सैनी ने कहा कि शिक्षा संस्थान समाज में परिवर्तन के सबसे बड़े केंद्र हैं। कार्यक्रम के सहायक चार्ज ऑफिसर जनगणना एवं संयोजक राजेश शर्मा झाड़ली ने कहा कि सटीक जनगणना ही भविष्य की बेहतर योजनाओं का आधार है।




महेंद्रगढ़। रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## न्यूज डायरी

### मॉडर्न स्कूल में पुस्तकों की लगाई प्रदर्शनी

महेंद्रगढ़। विश्व पुस्तक दिवस पर मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल चामधेड़ा रोड में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन-पाठन की रुचि को बढ़ावा देना तथा पुस्तकों के महत्व को समझाना था। जिसके पश्चात विद्यालय के विद्यार्थियों ने पुस्तक दिवस से संबंधित भाषण, प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके माध्यम से विद्यार्थियों ने यह संदेश दिया कि पुस्तकें ज्ञान का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत हैं और जीवन को सही दिशा प्रदान करती हैं।

### सूरज स्कूल में हुआ एंटी बुलिंग सेमिनार

महेंद्रगढ़। स्कूली छात्रों को उत्पीड़न से बचाने व सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए सूरज स्कूल में एंटी बुलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को बताया कि बुलिंग क्या है तथा इसके क्या दुष्प्रभाव है। विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष या परोक्ष किसी भी प्रकार की बुलिंग में खुद का शामिल नहीं करना चाहिए। बुलिंग अथवा उत्पीड़न के शिकार विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ता है। विद्यालय निदेशक संदीप प्रसाद ने बताया कि बुलिंग करना और सहना दोनों ही गलत है। विद्यालय में ऐसी गतिविधियों के लिए कोई स्थान नहीं है।

### आरपीएस में एनसीसी कैंप की तैयारियां तेज

महेंद्रगढ़। क्षेत्र के अग्रणी शिक्षण संस्थान राव पहलाद सिंह डिग्री कॉलेज में आगामी एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के आयोजन के लिए तैयारियों ने जोर पकड़ लिया है। इसी सिलसिले में वीरवार को 16 हरियाणा बटालियन एनसीसी नारनौल के अधिकारियों की विशेष टीम ने कॉलेज परिसर का दौरा कर कैंप लोकेशन का सघन निरीक्षण किया। इस दौरे का नेतृत्व बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर संदीप सिंह ने किया, जबकि उनके साथ सूबेदार मेजर दाना सिंह व क्लर्क गौरव भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। निरीक्षण के उपरांत सैन्य अधिकारियों ने कॉलेज प्रबंधन के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की।

### महानिदेशक ने किया राजकीय कॉलेज का दौरा

महेंद्रगढ़। उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा पंचकूला के महानिदेशक एस नारायण ने राजकीय महाविद्यालय का दौरा किया। इस दौरान जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रो. डॉ. अनिल कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। महानिदेशक एस नारायण के महाविद्यालय आगमन पर जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रो. डॉ. अनिल कुमार, प्राचार्य प्रो. विजय यादव तथा अन्य स्टाफ सदस्यों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान महानिदेशक एस नारायण ने महाविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया।

### पद्म पुरस्कार के लिए मांगे आवेदन

नारनौल। भारत सरकार की ओर से गणतंत्र दिवस 2027 के अवसर पर दिए जाने वाले देश के नागरिक सम्मान पद्म पुरस्कारों (पद्म विभूषण, पद्म भूषण व पद्म श्री) के लिए नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त अनुपमा अंजलि ने बताया कि कला, साहित्य, खेल, चिकित्सा, समाजसेवा, विज्ञान और इंजीनियरिंग जैसे विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट और असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले व्यक्तियों को इन पुरस्कारों से नवाजा जाता है।

चुनाव | पिछले चुनाव में कंवर सिंह यादव ने निर्दलीय के तौर पर हासिल की थी जीत

# धारूहेड़ा में निवर्तमान चेयरमैन ने निर्दलीय के रूप में भरा नामांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह से टिकट भाजपा की टिकट के लिए फरियाद लगा चुके निवर्तमान चेयरमैन कंवर सिंह यादव भले ही टिकट हासिल नहीं कर पाए हों, परंतु उन्होंने वीरवार को नामांकन पत्र दाखिल करते हुए चुनाव मैदान में ताल ठोक दी। भाजपा ने राव की अनुशंसा पर निवर्तमान वाइस चेयरमैन अजय जांगड़ा को प्रत्याशी बनाया है। ऐसे में निवर्तमान चेयरमैन और वाइस चेयरमैन दोनों आमने-सामने आ सकते हैं। कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी बनाई गई राज देवी मुकाबले को कड़ा बनाने के लिए तैयार हैं।




रेवाड़ी। नगर पालिका कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

कंवर सिंह यादव ने धारूहेड़ा नगर पालिका का पिछला चुनाव निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर लड़ते हुए निर्दलीय संदीप बोहरा को शिकस्त देते हुए चेयरमैनी हासिल की थी। चेयरमैन बनते ही संदीप बोहरा की ओर से निर्वाचन आयोग से लेकर कोर्ट तक में उनके निर्वाचन को चुनौती दी गई थी। उनके शैक्षणिक प्रमाण पत्र को लेकर आरोप लगाए गए थे। कई दिनों तक कंवर सिंह को शपथ दिलाने का मामला अटका रहा था। बाद में वह केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह की शरण में गए, तो उनके शपथ लेने का रास्ता भी साफ हो गया था। कस्बे में विकासकार्य कराने के लिए कंवर सिंह लगातार राव इंद्रजीत सिंह के संपर्क में रहे थे। नगर पालिका का दूसरा चुनाव लड़ने के लिए वह पहले से ही तैयारी कर चुके थे। इसके लिए उन्हें राव से ही टिकट की उम्मीद थी, परंतु राव अपने पुराने समर्थक अजय जांगड़ा पर ही दाव खेल गए। इसके बाद भी कंवर सिंह ने अपना फैसला नहीं बदला। उन्होंने भाजपा की टिकट फाइनल होते ही नामांकन दाखिल कर दिया।

### रामनिवास प्रजापति भी उतरे मैदान में

भाजपा से ही टिकट की उम्मीद लगाए बैठे पूर्व मंडल अध्यक्ष रामनिवास प्रजापति भी टिकट फाइनल होने के साथ ही चुनाव मैदान में उतरने का मन बना चुके हैं। उन्होंने भी धारूहेड़ा नगर पालिका चेयरमैन पद के लिए भाजपा से टिकट की मांग की थी, लेकिन राव की मर्जी पर लगी मुहर के बाद टिकट की उम्मीद खत्म हो गई। अब वह निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने के लिए तैयार हैं।

### नपा के पिछले चुनाव परिणाम

| प्रत्याशी | पार्टी | वोट |
|---|---|---|
| कंवर सिंह | निर्दलीय | 3048 |
| संदीप बोहरा | निर्दलीय | 2416 |
| बाबूलाल | निर्दलीय | 2280 |

### चौथे स्थान पर रह चुकी कांग्रेस प्रत्याशी

धारूहेड़ा में कांग्रेस प्रत्याशी राज ने नगर पालिका का पिछला चुनाव भी निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में लड़ा था। उस चुनाव में कांग्रेस ने धारूहेड़ा में सिंबल नहीं दिया था। राज यादव चौथे स्थान पर रही थीं। उनकी जमानत तक नहीं बच पाई थी। इस बार कांग्रेस वोट बैंक का उन्हें फायदा मिल सकता है।

**सूचना**

मैं, शांति, पत्नी क्रमांक 1218872L, हवलदार होशियार सिंह, निवासी गांव व डाकघर-बुडौली, जिला रेवाड़ी, ने अपने नाम को शांति से बदलकर शांति देवी कर लिया है और मेरी जन्मतिथि 01-06-1946 है जो मेरे डॉक्यूमेंट के अनुसार सही है।

**सूचना**

मैं, संतोष देवी पत्नी श्री अमर सिंह निवासी गली नंबर-6, नजदीक सनग्लो स्कूल, रेवाड़ी, तहसील व जिला रेवाड़ी बयान करती हूं कि मेरा पुत्र प्रवीन व पुत्रवधु कंचन मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### जन समस्याओं की सुनवाई आज

**कोसली।** कोसली के विधायक अनिल यादव 24 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक कोसली अनाजमंडी स्थित कार्यालय में आम जनता की समस्याएं सुनेंगे। विधायक ने कहा कि नागरिक शिकायत को साफ कागज पर लिखकर लाया जाए, जिससे कि उसका समाधान कराया जा सकें। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के कर्मचारी व अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### क्रिकेट स्पर्धा के लिए टीम का चयन 25 को

**रेवाड़ी।** जिला क्रिकेट प्रतियोगिताओं के लिए 25 अप्रैल को स्काई वैली क्रिकेट अकादमी गढ़ी बोलनी रोड पर खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। रेवाड़ी क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव राजेश दत्त शर्मा एवं सह सचिव संदीप राव लेफ्टी ने बताया कि हरियाणा क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत आयोजित होने वाली जिला क्रिकेट प्रतियोगिताओं के लिए रेवाड़ी क्रिकेट टीम का चयन किया जाएगा। अंडर-16 एवं अंडर-19 के लिए ट्रायल 25 अप्रैल प्रातः 7 बजे आयोजित किए जाएंगे, जबकि अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग के खिलाड़ियों के लिए ट्रायल 27 अप्रैल प्रातः 7 बजे आयोजित होंगे।

### राहगीरों के लिए वाटर कूलर किया स्थापित

**रेवाड़ी।** भारत विकास परिषद जिला शाखा की ओर से सेवा प्रकल्प के तहत बढ़ती गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए वाटर कूलर स्थापित किया गया। शाखा के संरक्षक रमेश सचदेवा व समाजसेवी जगमोहन अग्रवाल के सहयोग से मैन मार्केट बूढ़ी बावल में वाटर कूलर लगाया गया। वाटर कूलर की स्थापना पंडित दिलीप शास्त्री ने वैदिक रीति से पूजा कराकर कराई। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष दिनेश सैनी ने भाविप की ओर से किए जा रहे सामाजिक कार्यों की जानकारी दी।

### जिला स्तरीय जूनियर बास्केटबॉल स्पर्धा कल

**रेवाड़ी।** रोहतक में आयोजित होने जा रही 58वीं हरियाणा राज्य जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए जिले की बालक एवं बालिकाओं की टीमों का चयन व जिला स्तरीय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन स्वरांजलि पब्लिक सीनियर सैकेंडरी स्कूल देवलावास में 25 अप्रैल को सुबह 8 बजे किया जाएगा। जिला बास्केटबॉल संघ के सचिव लख्मीचंद ने बताया कि आगामी 8 मई से किलोई, रोहतक में स्टेट जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। 25 अप्रैल को जिला स्तरीय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता के समापन के बाद गर्ल्स व ब्वायज टीम का चयन किया जाएगा।

## रेवाड़ी मंडी में पौने तीन लाख क्विंटल सरसों ओपन में बिकी

# कोसली अनाज मंडी में गेहूं की आवक तीन लाख क्विंटल पार

रेवाड़ी अनाजमंडी में हैफेड व वेयरहाउस ने अब तक 60 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं खरीदा

- रेवाड़ी मंडी में हैफेड ने 8 किसानों से 6200 रुपये एमएसपी पर खरीदी 121 क्विंटल सरसों




रेवाड़ी। रेवाड़ी अनाजमंडी में सड़क पर लगी सरसों की ढेरियां तथा गेहूं का उठान करते मजदूर। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी/कोसली

जिले की अनाजमंडियों में पिछले एक सप्ताह से सरसों व गेहूं की आवक धीमी चल रही है। एक सप्ताह पहले सरसों के दाम ओपन में 6800 रुपये क्विंटल तक चल रहे थे, अब मंडी में आने वाली सरसों की क्वालिटी कमजोर आ रही है, जिससे फसल के भाव भी 200 से 300 रुपये तक गिर गए है। मंडी में वर्तमान में सरसों के भाव 6000 से 6500 रुपये क्विंटल तक चल रहे है। रेवाड़ी अनाजमंडी में अब तक किसानों की ओर से 2 लाख 72 हजार 336 क्विंटल सरसों ओपन में आढ़तियों को बेची जा चुकी है, जबकि 60 हजार क्विंटल से अधिक गेहूं की सरकारी खरीद की जा चुकी है। वही कोसली मंडी में एक अप्रैल से अब तक करीब 3 लाख 482 क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है। रेवाड़ी अनाजमंडी में हैफेड को अभी तक 8 किसानों से 6200 रुपये एमएसपी पर 121 क्विंटल सरसों ही मिल पाई है, जबकि बावल मंडी में हैफेड ने 1356 क्विंटल सरसों की खरीद की है।

### सरसों के एमएसपी से ज्यादा मिल रहे भाव

जिले में 28 मार्च को शुरू हुई सरसों की सरकारी खरीद के बाद हैफेड को अभी तक मामूली सरसों मिल पाई है। किसानों को प्राइवेट में सरसों बेचने पर एमएसपी से 500 रुपये प्रति क्विंटल तक ज्यादा भाव मिल रहे है। रेवाड़ी अनाजमंडी में हैफेड की ओर से 121 क्विंटल तथा बावल मंडी में 1356 क्विंटल सरसों की एमएसपी पर खरीद की गई है। वहीं रेवाड़ी अनाजमंडी में अब तक हैफेड की ओर से 14846 और वेयरहाउस की ओर से 33646 क्विंटल गेहूं की 2585 रुपये प्रति क्विंटल एमएसपी पर सरकारी खरीद की जा चुकी है। रेवाड़ी मंडी में अब तक 60736 क्विंटल गेहूं खरीदा जा चुका है।

### कोसली में 294615 लाख क्विंटल गेहूं खरीदा

कोसली अनाज मंडी में लाखों क्विंटल गेहूं खुले में पड़ा हुआ है। मंडी से खरीदे गए अनाज का भी उठान धीमा चल रहा है। वीरवार को 2348 क्विंटल गेहू के 70 गेट पास जारी किए गए। मार्केट कमेटी के सचिव विकास कुमार ने बताया कि मंडी में अब तक 300482 लाख क्विंटल गेंहू की आवक हो चुकी है तथा अब तक 6613 किसानों के गेटपास जारी किए जा चुके है। वेयरहाउस के खरीद अधिकारी जगदीश बांगड़ ने बताया कि कोसली मंडी में अब तक 294615 लाख क्विंटल गेंहू की खरीद की गई है। कोसली मंडी में वीरवार शाम तक 1120 क्विंटल गेहूं की खरीद हो चुकी थी। मंडी से 213251 क्विंटल गेहूं का उठान हो चुका है, जबकि 80 हजार क्विंटल गेंहू का उठान होना बाकी है। कोसली मंडी में अभी तक 12468 क्विंटल सरसों की आवक हुई है।

## विद्यार्थियों को अग्निवीर योजना की प्रक्रिया व पात्रता पर दी जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

बाबू बालमुकुंद गुप्त राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुड़ियानी में बुधवार को कक्षा नवीं से 12वीं के विद्यार्थियों के लिए मार्गदर्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में आर्मी रिक्रूटमेंट ऑफिस चरखी दादरी के सूबेदार मेजर सेल्वा राज सिंह तथा लांस नायक रविंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को भारतीय सेना में भर्ती होने संबंधी जानकारी दी।

### बकरी चोरी मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** पाली गांव से गत 8 अप्रैल की रात बकरियां चोरी करने के मामले में थाना खोल पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। पुलिस शिकायत में पाली निवासी अनिल ने बताया था कि वह गुर्जरों की ढाणी की ओर जाने वाले रास्ते पर खेत में मकान बनाकर रह रहा है। मकान के पास ही उसने टीन शेड लगाकर बकरियों का बाड़ा बनाया हुआ है। 8 अप्रैल की रात करीब 2 बजे उसे बकरियों की आवाज सुनाई दी। वह कमरे से बाहर निकला तो बाड़े के पास एक गाड़ी खड़ी हुई थी। उसने चोर-चोर की आवाज लगाई तो चोर गाड़ी लेकर वहां से फरार हो गए।

## शिविर में खरखड़ा, बिहारीपुर व खोल से अवैध कब्जे हटाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

डीसी अभिषेक मीणा की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। डीसी ने शिविर में आमजन की शिकायतें सुनते हुए अधिकारियों को निर्धारित समय में जांच पूरी कर समस्याओं का निवारण करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में गांव खरखड़ा, बिहारीपुर और खोल में अवैध कब्जे, बावल रोड पर चांदपुर की ढाणी के पास नाला जाम होने से दूषित पानी रोड पर जमा होन तथा विजय नगर में रोड का लेवल सही नहीं होने की शिकायत पर अधिकारियों को जांच कर समस्या का निवारण कराने के निर्देश दिए गए। इसी के साथ पेंशन, परिवार पहचान पत्र, बिजली व पुलिस संबंधित शिकायतों की भी सुनवाई की गई। इस मौके पर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा, एडीसी राहुल मोदी, डीएमसी ब्रह्मप्रकाश, एसडीएम सुरेश कुमार, सीटीएम जितेंद्र कुमार व डीएसपी पवन कुमार सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## सीएसआर प्रोजेक्ट के तहत पीएमश्री स्कूल में हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी




पीएमश्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेवाड़ी में वीरवार को पोस्को इंडिया की ओर से छात्राओं के लिए उपलब्ध कराई गई सुविधाओं को लेकर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या मोनिका यादव ने अतिथियों का स्वागत किया। प्राचार्या ने बताया कि कंपनी की ओर से सीएसआर प्रोजेक्ट के अंतर्गत विद्यालय में असेंबली स्टेज का नवीनीकरण, कॉन्फ्रेंस हॉल की मरम्मत, रफ एवं डीप लैंड फिलिंग, म्यूजिक सिस्टम, प्लास्टिक चेयर्स, सोलर सिस्टम तथा छात्राओं के लिए यूनिफॉर्म जैसी अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर क्वांग हो हा, डायरेक्टर नामूक हॉन्ग, हेड एचआर दीपक कुमार यादव, प्लांट हेड लविंग त्यागी, टीम लीडर एचआर संजय भारद्वाज, एचओडी शरद रावत व सेक्शन लीडर मीनाक्षी सहित पूरी टीम का सम्मान किया। इस अवसर पर शिक्षिका पूनम यादव को भी सम्मानित किया गया। समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में पीके चौहान, पूर्व बीईओ पटौदी धर्मवीर तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संगवाड़ी की प्राचार्या डा. ज्योत्सना उपस्थिति रही।

## कैडेट कंचन कुमार को आईएसएसओ के वरिष्ठ वर्ग में मिला कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुंड



रेवाड़ी। प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करते हुए कैडेट कंचन कुमार। *फोटो : हरिभूमि*

गोठड़ा अहीर स्थित सैनिक स्कूल के कैडेट कंचन कुमार ने अहमदाबाद में आयोजित इंटरनेशनल स्पेस साइंस ओलंपियाड यानि आईएसएसओ के वरिष्ठ वर्ग में भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र के ज्वाइंट सेक्रेट्री अनुपम आनंद के हाथों कांस्य पदक प्राप्त किया। समारोह में अगले वर्ष गगनयान की ओर से अंतरिक्ष में जाने वाले ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप सिंह ने अपने ओजस्वी व अंतरिक्ष रुचिपूर्ण उद्बोधन से छात्रों को प्रोत्साहित किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में अंतरिक्ष विज्ञान, खगोल भौतिकी और एरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रति रुचि जगाना है। प्रतियोगिता में अंतिम स्तर के विजेताओं को नासा की शैक्षिक यात्रा और प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा, जिसमें कक्षा पहली से बारहवीं तक के छात्र भाग ले सकते हैं।

कार्यक्रम का समापन समारोह भारतीय राष्ट्रीय अंतरिक्ष संवर्धन और प्राधिकरण केंद्र मुख्यालय अहमदाबाद में हुआ, जहां देश-विदेश के प्रतिभाशाली युवा खगोलविदों को सम्मानित किया गया।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**

जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-

रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

**मृत्यु अंत नहीं है**

मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।

**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**

आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra

नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें

रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

**अभियान** सीलिंग प्लान का उद्देश्य शहर में कानून व्यवस्था सुदृढ़ करना

# शहरी निकाय चुनाव को लेकर पुलिस अलर्ट जिले में नाकाबंदी कर ली वाहनों की तलाशी




रेवाड़ी। अभियान के तहत कार की तलाशी लेते हुए पुलिस तथा नाके पर बाइक को रोकते हुए पुलिस। फोटो : हरिभूमि

- अभियान के दौरान ट्रैफिक नियम तोड़ने वाले 178 वाहन चालकों के काटे चालान, 7 वाहन किए गए इंपाउंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

आगामी 10 मई को होने वाले नगर परिषद रेवाड़ी, नगर पालिका धारूहेड़ा और पंचायती राज उपचुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस अलर्ट मोड पर है। एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर पुलिस टीमों ने सीलिंग प्लान के तहत जिलेभर में विशेष चेकिंग अभियान चलाया। अभियान का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में आपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाना, कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करना और वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना कराना था। अभियान के दौरान पुलिस टीमों ने मुख्य चौक, चौराहों सहित विभिन्न मार्गों पर नाकाबंदी कर वाहनों की तलाशी ली। चेकिंग के दौरान यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 178 वाहन चालकों के चालान काटे गए, वहीं 7 वाहनों को मौके पर ही इंपाउंड किया गया। इन वाहनों में 5 ब्लैक फिल्म लगे वाहन, 7 ड्रिंकिंग ड्राइविंग, 54 विदाउट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, 28 ट्रिपल राइडिंग, 34 विदाउट नंबर प्लेट, 2 बुलेट बाइक में पटाखा बजाने तथा 27 लेन चेंज से संबंधित नियम की अवहेलना करने सहित 178 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने स्पष्ट किया कि चुनाव के दौरान किसी भी प्रकार की अराजकता स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने वाले असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रख रही है। सीलिंग प्लान का उद्देश्य सुरक्षा घेरे को मजबूत करना है ताकि आम नागरिक बिना किसी डर के अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों और शांति भंग करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि पुलिस का सहयोग करें, यातायात नियमों की पालना करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाने या डायल 112 हेल्पलाइन नंबर पर दें।

## खबर संक्षेप



### डिजिटल अवेयरनेस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में मुस्कान बनी विजेता

**रेवाड़ी।** अहीर कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग की ओर से विद्यार्थियों में डिजिटल जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से डिजिटल अवेयरनेस विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने डिजिटल सुरक्षा, साइबर अपराध से बचाव, ऑनलाइन शिक्षा, डिजिटल भुगतान और सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग जैसे विषयों पर आकर्षक पोस्टर बनाए। कार्यक्रम का आयोजन अर्थशास्त्र विभाग अध्यक्ष डा. अल्पना यादव के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डा. यादव ने विद्यार्थियों को डिजिटल तकनीक के सही उपयोग, साइबर सुरक्षा और ऑनलाइन ठगी से बचने के उपायों की जानकारी दी। मुख्यातिथि कॉलेज की प्राचार्य डा. उर्मिला शर्मा ने विजेता विद्यार्थियों की सरहाना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया तथा साइबर अपराधों से सतर्क रहने की सलाह दी। प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान ने प्रथम, धीरज कुमार ने द्वितीय और तृतीय वर्ष की आशना ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में डा. संगीता राव, डा. मीनाक्षी यादव तथा पूजा शामिल रही।



### महिला रीजनल सेंटर में मानसिक स्वास्थ्य पर हुआ एक्सपर्ट लेक्चर

**कोसली।** कृष्ण नगर गांव स्थित महिला रीजनल सेंटर में वीरवार को काउंसलिंग सैल की डा. पूजा यादव और नीलम यादव के मार्गदर्शन में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक्सपर्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं शिक्षकों में मानसिक स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना तथा तनाव प्रबंधन के व्यावहारिक उपाय साझा करना था। निदेशक डा. यशपाल शर्मा ने युवा और मानसिक स्वास्थ्यः चुनौतियां एवं समाधान विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए डिप्रेशन, एंग्जायटी, परीक्षा का तनाव, सोशल मीडिया का प्रभाव और नींद की कमी जैसे मुद्दों पर प्रकाश डाला। डा. अनिल कुमार ने कहा कि आज के समय में युवाओं में ड्रग व एल्कोहल से ज्यादा मोबाइल फोन गंभीर समस्याएं पैदा कर रहा है। इससे बचने के लिए परिवार और समाज को प्रकृति और रिश्तों के भावनात्मक पक्ष को समझना होगा। युवाओं के लिए प्राचीन परंपरा से दूरी बनाना स्वस्थ परिवेश के लिए हानिकारक है। उन्होंने बताया कि छात्राओं के लिए निःशुल्क काउंसलिंग सेल शुरू की जा रही है, जिससे कि छात्राओं को सुरक्षित वातावरण मिल सके। कार्यक्रम में अनेक छात्राएं और स्टाफ सदस्य मौजूद थे।

### पर्यावरण पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में हिंदी विभाग की छात्रा प्रिया बनी विजेता

**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय के वाणिज्य विभाग के अंतर्गत संचालित वाणिज्य क्लब की ओर से विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों से 50 से अधिक विद्यार्थियों ने अपनी कला के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रतियोगिता में हिंदी विभाग की प्रिया ने प्रथम, जबकि हिंदी विभाग की ही थर्पना द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वही वाणिज्य विभाग की लक्ष्मीबाई ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रविंद्र ने बताया कि विजेताओं को कुलपति सम्मानित करेंगे। वाणिज्य क्लब की निदेशक प्रोफेसर अदिति शर्मा ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना की। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका प्रोफेसर संजय हुड्डा, प्रोफेसर दीपक गुप्ता और डा. ममता अग्रवाल ने निभाई। कार्यक्रम में वाणिज्य क्लब के सचिव डा. संदीप यादव, संयुक्त सचिव डा. प्रियंका रंगा, वाणिज्य क्लब के समन्वयक डा. ईश्वर शर्मा, सह-समन्वयक डा. संदीप पुरवा व लायजनिंग ऑफिसर डा. सुनीता यादव सहित विभाग के अन्य शिक्षक और विद्यार्थी उपस्थित थे।

### करनावास के डा. प्रियांशु यादव डीएम कार्डियोलॉजिस्ट चयनित



**रेवाड़ी।** गांव करनावास निवासी सेवानिवृत्त प्राचार्य भीमसिंह यादव के मेधावी पुत्र डा. प्रियांशु यादव ने मेडिकल क्षेत्र में सुपर स्पेशलाइजेशन कोर्स की प्रतिष्ठित राष्ट्रीय परीक्षा डॉक्टर ऑफ मेडिसिन यानि डीएम क्वालीफाई कर क्षेत्र एवं जिले का नाम किया है। डीएम कार्डियोलॉजिस्ट के तौर पर चयनित डा. यादव का दाखिला चंडीगढ़ स्थित जीएमसीएच में हुआ है। एम्स ऋषिकेश से एमबीबीएस तथा पीजीआई रोहतक से एमडी मेडिसिन करने के बाद डा. प्रियांशु ने सुपर स्पेशलाइजेशन के लिए क्वालीफाई कर अपनी कुशाग्र बुद्धि का परिचय दिया। स्कूल अधिकारी संगठन, हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन व यादव कल्याण सभा सहित अनेक संगठनों ने इस उपलब्धि पर डा. प्रियांशु यादव तथा उनके परिवार को बधाई दी है।



### आदिति छावड़ी ने जेईई मेंस परीक्षा में हासिल किए 98.47 परसेंटाइल अंक

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन निवासी मेधावी छात्रा आदिति छावड़ी ने जेईई मेंस परीक्षा में 98.47 परसेंटाइल अंक प्राप्त कर न केवल अपने स्कूल, बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आदिति मूलरूप से गांव सालावास गुर्जर की रहने वाली हैं। शिक्षकों ने छात्रा की मेहनत, लगन और अनुशासन की सराहना करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। परिवार के सदस्यों ने कहा कि आदिति ने लगातार मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। इस उपलब्धि के लिए भाजपा नेता एवं कोऑपरेटिव बैंक के चेयरमैन अजय पटौदा ने आदिति को सम्मानित किया। इस मौके पर अजय पटौदा ने कहा कि आदिति की सफलता क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणा है। आदिति ने सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई और सही मार्गदर्शन के कारण ही वह इस मुकाम तक पहुंच सकीं। आदिति के बड़े भाई ऋषभ छावड़ी एमबीबीएस कर रहे हैं और दूसरा भाई निशंक छावड़ी मुंबई में एमबीए, एमटेक कर रहे हैं और बड़ी बहन प्रियांशी छावड़ी चौधरी चरण सिंह यूनिवर्सिटी हिसार से बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रही है। इस मौके पर आदिति के दादा सूबेदार हरज्ञान सिंह, दादी संता देवी, पिता विक्रम छावड़ी, माता सोमवती, ताऊ युधिष्ठिर, ताई सुनीता देवी, सदाराम, रणवीर सिंह एक्स सरपंच ठोठवाल, फूसाराम ठेकेदार प्रधान, दीपक पाल्हावासिया, जसवंत कालाका, सतीश सरपंच प्रतिनिधि बुड़ानी, रंजीत सिराधना, नवीन हांसाका, संजय यादव गज्जीवास, जितेंद्र यादव, पिथनवास, ब्रह्मप्रकाश बुड़ाना, वेद प्रकाश यादव, मुकेश, राजेश अग्रवाल, हंसराज यादव व एडवोकेट राजीव यादव मौजूद थे।